आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.02.2026 समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण में देशभर के छात्रों से बातचीत की। छात्रों को अपने सीखने के अनूठे तरीकों पर भरोसा करने की सलाह दी।
- एमडीडीए ने प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग 125 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया।
- उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने यमुनोत्री घाटी में यात्रा से संबंधित प्रमुख मार्गों, पड़ावों और व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।
- टिहरी बांध रेंज के तहत वन विभाग की ओर से वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में देशभर के छात्रों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीके बताए। बातचीत के दौरान श्री मोदी ने छात्रों को अपने सीखने के अनूठे तरीकों पर भरोसा करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्किल्स को मोटे तौर पर दो श्रेणी में बांटा जा सकता है–लाइफ स्किल्स और प्रोफेशनल स्किल्स। छात्रों को दोनों को विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को यह भी याद दिलाया कि जीवन सिर्फ़ परीक्षा तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन को आकार देने का एक माध्यम है, जबकि परीक्षा सिर्फ़ खुद को परखने का एक तरीका है।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का उद्‌देश्य परीक्षा के तनाव पर चर्चा करना और परीक्षा को एक उत्सव तथा जीवन के एक अभिन्न अंग के रूप में मनाना है।

एमडीडीए

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए ने प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग 125 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। एमडीडीए की टीम ने होरावाला रोड, छरबा आईटीआई के पास 25 बीघा भूमि और लांघा रोड, छरबा, सहसपुर क्षेत्र में 100 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की आंतरिक सड़कों, सीमांकन और अस्थायी निर्माण ध्वस्त किए। एमडीडीए ने आम नागरिकों से अपील की है कि भूमि खरीदने

या निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति अवश्य प्राप्त करें। प्राधिकरण ने कहा कि अवैध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस संबंध में एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में नियोजित विकास ही सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी को नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनियां विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रभारी सचिव

नैनीताल जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनोपयोगी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। प्रभारी सचिव ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्वरोजगार, रोजगारपरक प्रशिक्षण और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने जिले के लिए आवश्यक बड़ी विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश भी दिए।

भूकम्प

बागेश्वर जिले में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3 दशमलव 4 मापी गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकंप से किसी भी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमों को तैयार रखा गया है। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वह घबराएं नहीं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

जिलाधिकारी निरीक्षण

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने यमुनोत्री घाटी में यात्रा से संबंधित प्रमुख मार्गों, पड़ावों और व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्गों की स्थिति, पैदल मार्ग, सड़क सुरक्षा और यात्री सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमर्गा, लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान और विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को यात्रा रूट पर निर्बाध सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी कर ली जाएं।

वनाग्नि रोकथाम

टिहरी बांध रेंज के तहत वन विभाग की ओर से वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी संदीपा शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीणों,

वन पंचायतों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और आम जनता को जंगलों में आग लगने से होने वाले नुकसान और उसकी रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जा रही है। वन विभाग की टीमें गांव—गांव जाकर लोगों से अपील कर रही हैं कि वे जंगलों में आग न लगाएं और न ही जलती हुई बीड़ी, सिगरेट या माचिस का लापरवाही से प्रयोग करें। साथ ही खेतों में पराली या कूड़ा जलाने से बचने, आग लगने की स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचना देने और आग बुझाने में सहयोग करने का संदेश भी दिया जा रहा है।

जन—जन की सरकार

प्रदेश में जन—जन की सरकार कार्यक्रम दूरस्थ, पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इसके तहत अब तक प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित 574 शिविरों में 4 लाख 55 हजार से अअधिक नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की है। इन शिविरों में अब तक प्राप्त 44 हजार छह सौ से ज्यादा शिकायतों में से 30 हजार से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। साथ ही 2 लाख 52 हजार से अधिक लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार का दायित्व केवल नीतियां बनाना नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि ‘जन—जन की सरकार, जन—जन के द्वार’ इसी सोच का परिणाम है।